Dainik Bhaskar (Indore), 10th September 2026, Page – 01

अटल अंजनीपुत्र • 10 दिन बाद भी प्रतिमा नहीं हटी

# उज्जैन : खड़े हनुमान की जांच आईआईटी के विशेषज्ञ करेंगे

भास्कर संवाददाता | उज्जैन

उज्जैन के छत्री चौक स्थित खड़े हनुमान मंदिर का निर्माण हटाए जाने के बाद भी प्रतिमा अपनी जगह पर है। पिछले 10 दिनों से यहां श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। बुधवार को सुबह से रात तक दर्शन के लिए कतार सड़क तक पहुंची। शाम को श्रद्धालुओं ने बैरिकेडिंग के बीच महाआरती की। सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाला मंदिर का निर्माण हटाया गया है और प्रतिमा को कैनोपी में सुरक्षित रखा गया है।

प्रतिमा की संरचना और स्थिति की पहले विशेषज्ञों से जांच कराई जा चुकी है। अब आईआईटी इंदौर के विशेषज्ञ इसकी दोबारा वैज्ञानिक-तकनीकी जांच करेंगे। एसडीएम एलएन गर्ग ने कहा, सिंहस्थ 2028 के विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन उज्जैन की धार्मिक आस्था और विरासत का संरक्षण भी प्रशासन की प्राथमिकता है।

## 30 अगस्त से तीन बार कोशिश

30 अगस्त को कार्रवाई की तैयारी के दौरान विरोध और चक्काजाम की स्थिति बनी थी। 4 सितंबर को करीब 16 घंटे की कार्रवाई में मंदिर का शिखर और आसपास का निर्माण हटाया गया। प्रतिमा की गहराई की जांच के दौरान रात करीब 10 बजे काम रोकना पड़ा। 5 सितंबर को रात करीब 1 बजे निगम टीम फिर पहुंची, लेकिन श्रद्धालुओं के विरोध के बाद कार्रवाई रोक दी गई।



## यथास्थान रखने की मांग

कांग्रेस विधायक महेश परमार कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने धार्मिक भावनाओं और जनमानस की संवेदनाओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेने की मांग की। शाम को साधु-संत भी ढोल के साथ पहुंचे और प्रतिमा को विस्थापित नहीं करने की मांग रखी।